कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राजेन्द्र प्रसाद सैनी पुत्र श्री हरिवल्लभ सैनी पता– पंचमुखी, पंडितपुरा, वार्ड नंबर 06, तहसील बसवा जिला दौसा राज0 303313

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दौसा/उपखंड अधिकारी बसवा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 82/2025

निर्णय

दिनांक 22.08.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दौसा व उपखंड अधिकारी बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दौसा व उपखंड अधिकारी बसवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दौसा व उपखंड अधिकारी बसवा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2025/2029–2030 दिनांक 08.08.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर) दौसा ने पत्र क्रमांकः चुनाव/आर.टी.आई./2025/3823 दिनांक 12.8.2025 के द्वारा अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्धकर दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:10:06 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा